पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीयन, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान के लिए शिविर

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र के संपूर्ण 70 वार्डों में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु लगभग एक माह तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक चलने वाला शिविर जोन 1,2,3,4 एवं 5 के प्रत्येक वार्ड के दो स्थान में एक साथ लगाया जाएगा जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आनलाइन पंजीयन, आधार कार्ड अपडेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने व सुधार की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

निगम सभागार में आहूत बैठक में शिविर के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं एनयूएलएम की महिला कार्यकर्ताओं को शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक व्यवसाय में लगे कारीगर और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभान्वित किया जाना है। कारीगरों की क्षमता, योग्यता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर टूलकिट हेतु 15 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान किया जाना है। पंजीकृत हितग्राही जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उन्हें प्रतिदिन 500 रूपए के प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। उन्होंने सामुदायिक संगठिका की महिलाओं को बताया कि इस योजना के अंतर्गत बढ़ई, नाई, दर्जी, चर्मकार, खिलौना बनाने वाले, झाड़ू, टूकनी बनाने वाले, नाव बनाने, मछली का जाली बूनने वाले, धोबी, मूर्तिकार, लोहार सहित 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरो और शिल्पकारों के रूप में पंजीकृत हितग्राहियों का स्थल अवलोकन कर उनका सत्यापन किया जाना है। योजना में शामिल किए गए हितग्राहियों को डिजिटल लेन-देन लिए प्रोत्साहित भी किया जाना है।

इन स्थानों पर लगेगा शिविर -

12 एवं 13 जनवरी को वार्ड 01 जुनवानी में दुर्गा मंच एवं सामुदायिक भवन बाजार चैक, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच, चंद्र नगर हनुमान मंदिर, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 01, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व सड़क 06 दुर्गा मंच शेड। 15 एवं 16 जनवरी को वार्ड 02 स्मृति नगर राधाकृष्ण मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में आंगनबाड़ी भवन एवं सियान सदन, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप व मयूर गार्डन, वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर मे शिवालय ग्राउण्ड, वार्ड 58 सेक्टर 4 पश्चिम में बीकेपी स्कूल ए मार्केट सेक्टर 04।